# दैनिक पद्मावत मीडिया

Reg.No.MH18D0030877 •ई-पेपर• •न रिश्वत लेंगे, न रिश्वत देंगे•

www.padmavatmedia.in Mo. 9594542679 Email- padmavatmedia@gmail.com

वर्ष : 10 • डिजिटल अंक : 292 • मुंबई, सोमवार, 01 जुलाई, 2024 • प्रधान सम्पादक : पवन जैन पद्मावत • पृष्ठ : 2 • मूल्य-0.00 निःशुल्क •


## हम मां को कुछ दे तो नहीं सकते उसका प्यार हम सब पर कर्ज है

### मन की बात कार्यक्रम में पीएम मोदी बोले-एक पेड़ मां के नाम जरूर लगाएं



**नई दिल्ली ।** लोकसभा चुनाव 2024 में जीत और लगातार तीसरे बार पीएम बनने के बाद नरेंद्र मोदी ने पहली बार रविवार को अपने रेडियो कार्यक्रम मन की बात के जरिये लोगों से जुड़े। इस कार्यक्रम में पीएम ने अपनी मां हीरा बा को याद करते हुए लोगों को मां की ममता से रूबरू कराते हुए उनके नाम पर एक पेड़ लगाने के नए अभियान से जुड़ने की अपील की। पीएम मोदी ने मन की बात कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए कहा कि मेरे प्यारे देशवासियों आज वह दिन आ ही गया जिसका हम सभी इंतजार कर रहे थे। मैं 'मन की बात' के जरिए से एक बार फिर अपने परिवारजनों के बीच आया हूं। साथियों फरवरी से लेकर अब तक, जब भी, महीने का आखिरी रविवार आता है तब मुझे आपसे इस संवाद की बहुत कमी महसूस होती थी, लेकिन मुझे ये देखकर अच्छा भी लगा कि इन महीनों में आप लोगों ने मुझे लाखों संदेश भेजे।

पीएम मोदी ने इसके साथ ही कहा कि मन की बात रेडियो प्रोग्राम भले ही कुछ महीने बंद रहा हो, लेकिन मन की बात का जो स्पिरिट है देश में, समाज में, अच्छे काम, निस्वार्थ भावना से किए गए काम, समाज पर पॉजिटिव असर डालने वाले काम बराबर चलते रहे। पीएम मोदी ने कहा कि मैं आज देशवासियों को धन्यवाद भी देना चाहता हूं कि उन्होंने हमारे संविधान और देश की लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं पर अपना अटूट विश्वास दिखाया है।

कार्यक्रम में पीएम ने कहा कि मेरे प्यारे साथियो, अगर मैं आपसे पूछूं कि दुनिया का सबसे अनमोल रिश्ता कौन सा होता है तो आप कहेंगे- 'मां'ज हम सबके जीवन में 'मां' का दर्जा बहुत ऊंचा है. मां, हर दुख सहकर भी अपने बच्चे का पालन-पोषण करती है। हर मां, अपने बच्चे पर प्यार लुटाती है। मां का ये प्यार हम सब पर एक कर्ज है, जिसे कोई चुका नहीं सकता. मैं सोच रहा था, हम मां को कुछ दे तो सकते नहीं, लेकिन और कुछ कर सकते हैं क्या?

पीएम मोदी ने इसके साथ ही कहा कि इसी सोच में से इस साल विश्व पर्यावरण दिवस पर एक विशेष अभियान शुरू किया गया है, इस अभियान का नाम है-'एक पेड़ मां के नाम'। मैंने भी एक पेड़ अपनी मां के नाम लगाया है। मैंने सभी देशवासियों से, दुनिया के सभी देशों के लोगों से ये अपील की है कि अपनी मां के साथ मिलकर, या उनके नाम पर, एक पेड़ जरूर लगाएं।' उन्होंने कहा कि हर कोई अपनी मां के लिए पेड़ लगा रहा है। चाहे वह अमीर हो या गरीब, चाहे वह कामकाजी महिलाएं हों या घरेलूज्इस अभियान ने मां के लिए अपना प्यान जताने का संदेश है। उन्होंने कहा कि 'मां के नाम पेड़ लगाने के अभियान से अपनी मां का सम्मान तो होगा ही, साथ ही धरती मां की भी रक्षा होगी।'

## मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की प्रथम किश्त जारी जिले में कई किसान हुए लाभान्वित

पदमावत मीडिया

**सलूंबर ।** मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का जिला स्तरीय शुभारंभ कार्यक्रम रविवार को पंचायत समिति सलूंबर सभागार में आयोजित हुआ। टोंक जिले में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम से मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने वर्चुअल रूप से जुड़कर मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत लाभार्थियों के खातों में प्रथम किस्त के रूप में एक हज़ार रुपए प्रति कृषक डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरण किए। राज्य स्तरीय समारोह में 65 लाख से अधिक किसानों के खातों में 650 करोड़ की राशि हस्तांतरित की गई। जिला स्तरीय कार्यक्रम में कई किसानों की राशि हस्तांतरित की गई।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने लाभार्थियों से सीधे संवाद भी किया।

इस दौरान विधायक अमृत लाल मीणा ने कहा कि सरकार किसानों के प्रति संवेदनशील है। आगे भी किसानों के हित में काम किया जाएगा। इस अवसर पर जिला कलक्टर जसमीत सिंह संधू ने कहा कि खेती हमारे इतिहास का सबसे पुराना व्यवसाय है। वर्तमान समय में सरकार किसानों के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं लाई है, जिनका लाभ किसानों को मिल रहा है।

उल्लेखनीय है कि, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत लाभान्वित होने वाले किसानों को %मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना% के तहत 2 हज़ार रूपए वार्षिक की अतिरिक्त वित्तीय सहायता दी जाएगी। योजनान्तर्गत समस्त पात्र किसानों को प्रतिवर्ष 2 हज़ार रूपए तीन किस्तों में यथा, प्रथम किस्त एक हज़ार रुपए, द्वितीय किश्त 500 रुपए तथा तृतीय किश्त 500 रुपए डीबीटी प्रणाली के माध्यम से उनके बैंक खातों में हस्तांतरित की जाएगी।



इस योजना पर 400 करोड़ रुपए का वार्षिक वित्तीय प्रावधान है।

इस अवसर पर विधायक अमृत लाल मीणा,जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू, आयुक्त गणपत लाल खटीक, एसीईओ दयाचंद यादव, बीडीओ सलूंबर, पीआरओ पुष्पक मीणा, डीओआईटी जीवन राम मीणा,मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी पियूष जैन, कृषि विभाग गोस मोहम्मद, सहित जन प्रतिनिधि, जिला स्तरीय अधिकारी/कर्मचारी एवं जिले भर के लाभान्वित किसान उपस्थिति रहे।

## विमलनाथ भगवान का मोक्ष कल्याण दिवस मनाया



पदमावत मीडिया

**उदयपुर ।** हिरण मगरी सेक्टर 3 स्थित श्री दिगम्बर जैन बीसा नरसिंहपुरा तेरह पंथ समाज नेमिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में अषाढ कृष्णा अष्ठमी को विमलनाथ भगवान का मोक्ष कल्याण दिवस मनाया गया। उपाध्यक्ष राजेश टाया एवं विधानाचार्य अंकित जैन शास्त्री ने बताया कि सुबह 7 बजे श्रीजी का अभिषेक प्रथम अभिषेक, लघुशांतिधारा, शांतिधारा एवं नित्य नियम पूजन की गई। विमलनाथ भगवान की पूजन करके निर्वाण लड्डू चढ़ाया गया। विधानाचार्य अंकित शास्त्री ने बताया कि विमल नाथ भगवान के साथ 70 कोडा-कोडी 84 करोड़ 72 लाख 7 हजार 742 मुनि सुवीर कूट से मोक्ष गए। वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश टाया ने बताया कि आज के दिन भगवान सुवीर कुट सम्मेद शिखरजी से मोक्ष गये थे । इस अवसर पर मंदिर अध्यक्ष पारस सिंघवी, महेन्द्र टाया, राजेश टाया , महावीर मेहता, श्याम जस्सीगो, कांतिलाल टिमरवा, सुरेश उन्जोत, राजेन्द्र अखावत, महावीर जस्सीगोत, गजेन्द्र कचरावत, महावीर भोजावत, एंव महावीर चैत्यालय महिला मण्डल समस्त कार्यकारणी रोशन देवी भोजावत, सरोज दामावत, इन्दू जस्सीगोत, अंजना टाया, साधना कचरावत, सुमन जैन, निर्मला वालावत, मोनिका आगार, ऊषा मेहता सहित कई श्रावक-श्राविकाएं मौजूद रहे।

## वैदिक संगोष्ठी समापन के साथ देवशिशु के निर्माता माता पिता पुस्तक का विमोचन हुआ

पदमावत मीडिया

**उज्जैन/मंदसौर/रतलाम।** दिनांक 29-06-2024 प्राध्यापक पीठ अरविंद सोसायटी उज्जैन के दो दिवसीय वैदिक संगोष्ठी के द्वितीय दिवस विषय प्रवर्तन के अवसर पर सर्व प्रथम दिव्यांश स्थान पर ध्यान उपरांत पीठ की उपादेयता एवं दिव्य स्थल की ऐतिहासिकता पर विचार किया गया।



भगवत् पाद आद्यगुरू शंकराचार्य जब वैदिक धर्म की पुर्नस्थापना के लक्ष्य से ''वेदोव» शिव» '' भगवान महाकाल के आशीष प्राप्ति हेतु पधारे उस विश्राम स्थान पर वेद प्राध्यापक पीठ का निर्माण एवं महर्षि अरविंद की दार्शनिकता,रहस्योंदघाटन प्रतीकों की संस्थापना निश्चित रूप से शोध का विषय है। श्रेष्ठ भारत समर्थ भारत को साकार करने में नव पीढी की भूमिका एवं अनुभवी मार्गदर्शन का सहयोग अपेक्षित है, इसके निर्माण में '' देव शिशु के निर्माता माता पिता '' पुस्तक विमोचन हुआ पुस्तक का योगदान समाज में संभाव्य है। इस अवसर पर श्रीअरविंद सोसायटी उज्जैन के आद्य संस्थापक स्व.श्री सुखदेव प्रसाद जी ठाकुर साहब के व्यक्तित्व एवं कृतित्व के बहुविध आयाम पर ऋ्रम उपाध्याय रतलाम द्वारा प्रकाश डाला गया। श्रीअरविंद एवं श्रीमाँ की परम कृपा प्राप्त श्रीसुखदेव सिंह चौहान द्वारा आद्या भगवती माँ के चर्तुयुगीन स्वरूपों का श्रीमॉ के प्राकट्य एवं उसे साक्षात् करने की अभीप्सा में श्रृद्धा एवं समर्पण की आवश्यकता को प्रतिपादित किया।

कार्यक्रम को म.प्र.ईकाई के चेयरमेन श्री मनोज शर्मा ने संबोधित करते हुए श्रीअरविंद के साहित्य एवं विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने हेतु प्राध्यापक पीठ के प्रयास की सफलता की कामना की इस अवसर पर अन्नपूर्णा प्रसादम् का शुभारंभ भी किया गया।

विषय प्रवर्तन श्री विभाष उपाध्याय द्वारा किया गया एवं आभार प्रदर्शन श्री मधुसुदन श्रीवास्तव द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में आनंदमोहन पण्ड्या,राजेन्द्र शर्मा गुरू जी,मनोज जोशी,डॉ.कविता उपाध्याय,डॉ. लतिका व्यास,मुकेश व्यास,उर्वशी पण्ड्या,नीलेन्द्र निगम,संदीप यार्गनिक,चिमनदास लखानी,डी. पी.कौशिक श्री स्वामी जी सहित वेदानुरागी एवं श्री अरविंद के विचार एवं साहित्य के शोधकार्य में संलग्न शिक्षार्थी बडी संख्या में उपस्थित रहे। यह जानकारी पीठ निदेशक डॉ.आर.पी.शर्मा द्वारा दी गई।

## उदयपुर जिले के 4 थानों की टीम ने की बड़ी कार्यवाही





पदमावत मीडिया

**उदयपुर** में जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के नेतृत्व में एक विशेष अभियान के तहत अवैध मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ सफल कार्रवाई की गई। इस अभियान में गठित अलग-अलग टीमों ने कुल 179.200 ग्राम स्ब्रू्को जब्त किया और 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

1. थाना सुरजपोल » सुनिल चारण थानाधिकारी के नेतृत्व में एक टीम ने किशनपोल रोड पर मोहम्मद अली (उर्फ मोहसिन खन्ना) को गिरफ्तार किया और 40 ग्राम **MDMA** और एक बिना नम्बरी मोटरसाइकिल जब्त की।

2. थाना सुखेर » हिमांशु सिंह राजावत थानाधिकारी के नेतृत्व में एक टीम ने सेवाश्रम पुलिया के पास मोहम्मद रफीक (उर्फ गप्पा) को गिरफ्तार किया और 40.650 ग्राम **MDMA** जब्त किया। इस अभियान में दो युवतियों और एक युवक को भी गिरफ्तार किया गया।

3. थाना भुपालपुरा» मुकेश सोनी थानाधिकारी के नेतृत्व में टीम ने सेवाश्रम पुलिया के पास मोहम्मद सलीम (उर्फ पप्पु) को गिरफ्तार किया और 40.650 ग्राम **MDMA** जब्त किया।

4. थाना प्रतापनगर» भरत योगी थानाधिकारी के नेतृत्व में टीम ने ईमरान डायर (पुत्र श्री कमरूद्दीन डायर) को गिरफ्तार किया और 43.55 ग्राम **MDMA** जब्त किया।

इन अभियानों में जिला पुलिस ने अवैध मादक पदार्थो के खिलाफ सशक्त कार्रवाई की है और सभी गिरफ्तार अभियुक्तों के खिलाफ धारा **NDPS** एक्ट के तहत कार्रवाई कर रही है। इस समय प्राथमिक जांच जारी है।

## विकसित भारत की परिकल्पना को दिल में लिए फतहसागर की पाल पर दौड़े उदयपुर के सीए

### रक्तदान शिविर का होगा आयोजन

पदमावत मीडिया

**उदयपुर ।** भारतीय चार्टर्ड एकाउन्टेन्टस संस्थान का 76वां स्थापना दिवस उदयपुर शाखा द्वारा धूमधाम से मनाया जा रहा है। सात दिवसीय आयोजन के तीसरे दिन भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 2047 की विकसित भारत की परिकल्पना में अपने अमूल्य योगदान के प्रतिबद्धता हेतू पूरे भारतवर्ष में 169 स्थानों पर भारतीय सीए संस्थान द्वारा सीए रन का आयोजन हुआ। उदयपुर शाखा अध्यक्ष रौनक जैन ने बताया कि उदयपुर में फतहसागर की पाल पर भारतीय सीए संस्थान उदयपुर शाखा द्वारा आयोजित सीए रन को मुख्य अतिथि उदयपुर सांसद डॉ. मन्ना लाल जी रावत द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। फतहसागर की पाल पर आयोजित इस रन में लगभग सीए सदस्यों ने 2 किलोमीटर और



4 किलोमीटर रन में उत्साह से भाग लिया 40 वर्ष से उपर सीए सदस्य की 4 किलोमीटर की रन में प्रथम स्थान पर सीए नीलेश माहेश्वरी, द्वितीय स्थान पर सीए महेश गुप्ता रहे, 2 किलोमीटर की रन में प्रथम स्थान पर सीए विमल सुराणा और द्वितीय स्थान पर सीए कमलेश बोलिया रहे। 40 वर्ष से कम सीए फिमेल की दौड़ में प्रथम स्थान सीए हर्षिता सिसोदिया और द्वितीय स्थान पर हर्षिता नलवाया रही। 40 वर्ष से कम में प्रथम स्थान पर सीए योगेन्द्र सिंह और द्वितीय स्थान पर सीए. कनिष्क कोठारी रहे सीए फीमेल की दौड़ में प्रथम स्थान सीए हर्षिता सिसोदिया और द्वितीय स्थान पर हर्षिता नलवाया रही। विजेताओं को समाज सेवी तुषार मेहता, कार्यक्रम संयोजक सीए आशिष ओस्तवाल, सीए विशाल मेनारिया, सीए शुभम भोलावत, सीए अमित जैन, सीए पल्लवी नाहर ने पृरस्कृत किये। इसी के साथ सीए विधार्थियों के लिये स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत उदयपुर की थीम पर साइक्लोथान का आयोजन किया जिसमें 200 से अधिक सीए विधार्थियों ने भाग लिया। जिसमे प्रथम स्थान पर रोहित मेनारिया, द्वितीय स्थान पर कमल साहु, तृतीय स्थान पर तरूण मनवानी रहे। इस अवसर पर शाखा सचिव सीए प्रतिभा जैन व कार्यकारिणी सदस्य निवर्तमान अध्यक्ष सीए अभिषेक संचेती, कार्यकारिणी सदस्य सीए हितेश भदादा, सीए चिराग धर्मावत, सीए शैलेन्द्र कुणावत उपस्थित रहे।

सीए डे पर आज होगा रक्तदान शिविर

भारतीय चार्टर्ड एकाउन्टेन्टस संस्थान का 76वां स्थापना दिवस के अवसर पर सोमवार सुबह 9.30 बजे ध्वाजारोहण अरविन्द पोसवाल, जिला कलेक्टर द्वारा होगा। विशाल रक्तदान शिविर और सीए सदस्यों के लिये स्वास्थय जॉच शिविर का आयोजन होगा। दोपहर में पशुओं के लिये भोजन वितरण और भुवाणा स्थित मुक बधिर विधालय में भोजन साम्रगी भेट की जायेगी।

## सांसद रावत ने किया सिटी रेलवे स्टेशन का मुआयना, दिए महत्वपूर्ण सुझाव



पदमावत मीडिया

**उदयपुर ।** लोकसभा सांसद डॉ. मन्नालाल रावत ने रविवार शाम स्थानीय सिटी रेलवे स्टेशन का अवलोकन किया। रेलवे के स्थानीय सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक महेंद्र देपाल, स्टेशन अधीक्षक सांवरमल मीना, वरिष्ठ सेक्शन इंजीनियर अरविंद तिवारी ने सांसद को उदयपुर सिटी रेलवे स्टेशन के रिस्ट्र• रिंग परियोजना के बारे में जानकारी दी। अधिकारियों ने सांसद को प्रस्तावित नवीन प्रवेश, निकास द्वार, टिकट विंडो तथा पार्किंग स्थल के बारे में बताया। सांसद रावत ने स्टेशन के मुख्य भवन के बाहर यात्रियों व यातायात के दबाव को देखते हुए सुझाव दिया कि पार्किंग के निकट रेलवे की भूमि पर निर्मित होटल का एक फ्लोर बढ़ा दिया जाए। ग्राउंड फ्लोर पर स्थित होटल के रिसेप्शन एरिया व लॉबी को आमजन के आवागमन के लिए खोल दिया जाए। सांसद ने उदयपुर में ठहराव वाली ट्रेनों के बारे में भी जानकारी ली। चेतक एक्सप्रेस को डूंगरपुर रेलवे स्टेशन तक बढ़ाए जाने की गुंजाइश बताई। सप्ताह में तीन दिन चलने वाली हरिद्वार वाली ट्रेन को नियमित करने, अधिक यात्री भार वाली चेतक एक्सप्रेस सहित अन्य ट्रेनों में रैक बढ़ाए जाने की बात कही। उदयपुर से दक्षिण भारत तक की ट्रेन कनेक्टिविटी के लिए चल रहे विद्युतीकरण कार्य की भी जानकारी ली। साथ ही उसे तय समय पर पूरा करने के निर्देश भी दिए। सांसद रावत ने मेवाड़-वागड़ से दक्षिणी भारत को जोड़ने वाली ट्रेनों, वंदे भारत, उदयपुर-हरिद्वार व उदयपुर-जम्मू-तवी जैसी रेलगाड़ियों की फ्रीक्वेंसी और इश्यूज पर भी चर्चा की।

## पल्स पोलियो की अभियान की शुरुआत जिला कलक्टर व विधायक ने पिलाई बच्चो को पहली खुराक

पदमावत मीडिया

**सलूंबर ।** जिला कलक्टर जसमीत संधू व विधायक अमृत लाल मीणा ने पल्स पोलियो अभियान के तहत रविवार को जिला चिकित्सलाय में 0 से 5 वर्ष के बच्चो को प्लस पोलियो की खुराक पिलाकर अभियान को शुरू किया ।

इस दौरान जिला कलक्टर ने जिला चिकित्सलाय परिसर का निरक्षण किया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। अभियान के दौरान जिले में 98194 बच्चों को दवा पिलाई जायेगी । 30 जून को प्रथम दिवस बूथ पर तथा 1 व 2जुलाई को घर घर जाकर दवा पिलाई जाएगी । इस दौरान सीएमएचओ डॉ जगदीश प्रसाद बुनकर ,डॉ राजेश दोषी,डा. सिन्दु कुमावत, डा. महेन्द्र लोहार सहित मेडिकल स्टाफ मौजूद था।



# प्रजापति युवा सोशल 35 ग्रुप के रक्तदान शिविर में 78 रक्तवीरों ने किया रक्तदान



पदमावत मीडिया

**उदयपुर ।** प्रजापति युवा सोशल ग्रुप की और से रविवार को ग्राम पंचायत दरौली स्थित श्री यादें देवी मंदिर परिसर में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। नेवलिया प्रजापति समाज मेवाड़ चौखले की मेजबानी में आयोजित हुए रक्तदान शिविर में 78 रक्तवीरों ने रक्तदान किया। प्रजापति युवा सोशल ग्रुप के अध्यक्ष भगवान प्रजापत ने बताया कि रक्तवीरो का हौसला बढ़ाने के लिए उन्हें डीसी प्रजापत की ओर से प्रतीक चिन्ह और संतोष प्रजापत की ओर से प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। प्रजापति युवा सोशल ग्रुप के संरक्षक जादूगर राजतिलक ने 38 वी बार रक्तदान कर युवाओं को रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया। मेवाड़ चोखले के अध्यक्ष गणेशलाल प्रजापत ने बताया कि शिविर में मेवाड़ चोखले के युवाओं में बढ़ चढ़कर भाग लिया और संकल्प लिया कि जरूरत पड़ने पर वह समय-समय पर रक्तदान कर लोगों का जीवन बचाएंगे। चोखले के महामंत्री लक्ष्मीलाल प्रजापत ने बताया कि शिविर युवाओं को एक मंच पर लाने का जरिया है, इसके माध्यम से समाज के युवा एक दूसरे को पहचान कर समाज को आगे लाने में अपना योगदान दे सकते है।

प्रजापति युवा सोशल ग्रुप के महासचिव किशन प्रजापत ने बताया कि अब तक ग्रुप की ओर से आयोजित हुए रक्तदान शिविर के माध्यम से करीब 1000 लोगों तक रक्त पहुंचाया गया है। मुकेश प्रजापत ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र में युवाओं को जागरूक करने के लिए दरौली ने शिविर का आयोजन किया गया।

इस मौके पर प्रजापति युवा सोशल ग्रुप के ओमप्रकाश प्रजापत, मांगीलाल प्रजापत, जीवन प्रजापत, पूरन प्रजापत, मेवाड़ चौखले के पूर्व अध्यक्ष देवीलाल प्रजापत, वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रेमलाल प्रजापत, कोषाध्यक्ष रामलाल प्रजापत, सह कोषाध्यक्ष भगवान प्रजापत, सचिव प्रकाश प्रजापत, कालू पजापत, पूर्व महामंत्री खेमराज प्रजापत सहित समाज के कई युवा और मोतबीर मौजूद रहे।

# भीषण गर्मी में शुरू किए गए पेयजल आपूर्ति मिशन का किया समापन

## समाजसेवी रमेश छाजेड़ रामसर द्वारा पिछले तीन माह में कुल 2208 टैंकर की जलापूर्ति की गई



पदमावत मीडिया

**भीनमाल ।** मानव सेवा संस्थान जोधपुर के द्वारा पिछले तीन माह में प्रचंड गर्मी के दौरान जोधपुर, पचपदरा, बाड़मेर, जैसलमेर सहित दूर-दराज के क्षेत्रों में संचालित गौ-शालाओं, विद्यालयों, सार्वजनिक प्याऊ, बाल गृह, वृद्धजन आश्रम, धर्मशाला एवं विभिन्न स्थलों पर कुल 2208 ट्रेक्टर-टैंकर की जलापूर्ति की गई है।

संस्थान के अध्यक्ष रमेश छाजेड़ रामसर ने बताया कि माह अप्रेल से जून तक मारवाड़ में भीषण गर्मी के कारण गौ वंश एवं अन्यत्र स्थलों पेयजल की भारी समस्या को देखते हुए संस्थान द्वारा जोधपुर संभाग एवं सीमावर्ती क्षेत्रों में संचालित गौ-शालाओं, सार्वजनिक स्थलों, बालगृहों, वृद्धाश्रमों, धर्मशालाओं एवं प्याऊ में टैंकर के माध्यम से कुल 2208 टैंकर की जलापूर्ति की गई है।

मीडिया प्रभारी माणकमल भंडारी ने बताया कि इस अति आवश्यक अभियान में संस्थान के साथ जुड़े हुए तमाम दानदाताओं ने अपना निरंतर सहयोग किया । जिसके लिए मानव सेवा संस्थान उन सभी दानदाताओं का हृदय पूर्वक आभार प्रकट करता है । जल सेवा मिशन के साथ-साथ संस्थान ने गौ-वंश व पशु-पक्षियों के लिए भी हरा चारे, गुड़, बिस्किट, दाना इत्यादि की भी व्यवस्था की गई । इसके अतिरिक्त वृद्धाश्रम में जरूरत की सामग्री का सहयोग किया गया । यह समस्त सेवाए संस्थान की और से निरन्तर शुरू रहेगी। यह विदित है कि मानव सेवा संस्थान पिछले 15 वर्षों से जीवदया एवं मानवीय सेवा में अग्रणी संस्थान के रूप में अपना कार्य कर रहा है। संस्थान के द्वारा जरूरतमंद एवं निर्धन परिवारों को प्रतिमाह खाद्य सामग्री उपलब्ध करवाना, विद्यार्थियो को पाठ्य सामग्री, बीमारों का इलाज करवाना, गौ-वंश एवं जीव-जन्तुओं के भोजन की व्यवस्था इत्यादि आवश्यक सहयोग किया जा रहा है। रमेश छाजेड़ रामसर ने जल सेवा मिशन के समापन की घोषणा करते हुए बताया कि जहां पर पेयजल की समस्या है, वहां पर जलापूर्ति निरन्तर की जायेगी।

# किसी भी क्षेत्र में विशेषज्ञता हासिल कर आगे बढ़े - माणकमल भंडारी



पदमावत मीडिया

**भीनमाल ।** स्थानीय आथमना वास रेबारियां बस्ती रामदेव मंदिर परिसर में विप्र फाउंडेशन ब्लॉक के सहयोग से राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड संघ के तत्वावधान में ग्रीष्मकालीन कौशल विकास शिविर का आयोजन मुख्य अतिथि नागरिक कल्याण मंच के अध्यक्ष माणकमल भंडारी के सानिध्य में किया गया ।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि नागरिक कल्याण मंच के अध्यक्ष माणकमल भंडारी ने आशुतोष भगवान व परशुराम भगवान की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया । मुख्य अतिथि नागरिक कल्याण मंच के अध्यक्ष माणकमल भंडारी ने कहा कि हमें जीवन में किसी भी क्षेत्र में विशेषज्ञता हासिल कर आगे बढ़ने का प्रयास करना चाहिए । भंडारी ने महिलाओं व नवोदित प्रतिभाओं को स्वावलंबन कर जीवन को सदचरित्रवान बनाने हेतु इस कौशल विकास शिविर सिलाई प्रशिक्षण का आयोजन होना एक अनुकरणीय पहल है । जो राष्ट्र निर्माण में सहायक व वरदान सिद्ध है । अतः हमें स्काउट की विविध सह शैक्षिक गतिविधियों में सकारात्मकता के साथ मन, वचन, कर्म से परिशुद्ध होकर निष्ठा के साथ आयोजन प्रकल्प में सहभागिता निभाने की आवश्यकता है द्य

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए दासपां निवासी कैलाश जैन अरिहंत रक्त सेवा संस्थान ने महिलाओं को अपने अनुकुल समय का सदुपयोग करने की प्रेरणा दी द्य विशिष्ठ अतिथि मदन सुंदेशा, अरविंद बंजारा, सुरेश पारीक, गोपालचंद्र जीनगर, महेंद्र शर्मा, निलेशकुमार सुथार, दिनेश जालोरी, नेमलाल जीनगर की उपस्थिति रही द्य

स्वागत उद्बोधन दिव्य ज्योति कॉलेज के प्राचार्य डॉ किशोर माली व कार्यक्रम प्रभारी सुरेश पारीख ने सभी आगंतुक अतिथियों का स्वागत कर सभी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे महिलाओं, विद्यार्थियों को समय पर स्थल पर आने व शिविर के अनुशासन के नियम बताए द्य कार्यक्रम में स्थानीय संघ के सचिव डॉ घनश्याम व्यास ने स्काउट की प्रार्थना का वाचन करवाया व स्काउट के प्रेरक कार्य से जुड़ने की बात कही द्य

इस अवसर पर प्रज्ञा कौशल दक्ष प्रशिक्षक श्रीमती ललिता शर्मा, रविशंकर दवे, किशोरकुमार माली, रामलाल, बाबूलाल, सुरेशकुमार, पृथ्वीराज सहित कई बंधु, बालिका, मातृ शक्ति उपस्थित रहे द्य इस अवसर पर विफा के प्रदेश महामंत्री दिनेश दवे के निर्देशन व प्रभारी सुरेश पारीख ने स्काउट व गाइड को प्रेरित करते हुए इसके महत्व पर अपने विचार प्रकट किये। कार्यक्रम का संचालन स्थानीय संघ सचिव डॉ घनश्याम व्यास द्वारा किया गया।

# वरिष्ठ कम्पाउंडर फतेहलाल गरासिया हुए सेवानिवृत




पदमावत मीडिया

**उदयपुर ।** राजकीय आयुर्वेद औषधालय नयागांव के वरिष्ठ कम्पाउंडर फतेहलाल गरासिया की सेवानिवृति समरोह पूर्वक हुई।

समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए औषधालय प्रभारी डॉ. प्रियंका कांवत ने कहा है कि वरिष्ठ कम्पाउंडर फतेहलाल गरासिया ने 41वर्ष तक पूर्ण समर्पण व सेवाभाव से लोगो की सेवा की। इस गोरवमयी पल पर गरासिया को शुभकामनाएं देते एवं सुखी व उज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्होंने कहा कि आपके जीवन का यह नया चरण खुशियों, स्वास्थ्य और रोमांच से भरा हो। आपने अपने करियर के लिए इतना समय और ऊर्जा समर्पित की है और अब यह आपके मेहनत के फल का आनंद लेने का समय है। आपकी सेवानिवृत्ति आनंद, शांति और विश्राम का समय हो। आपने इसे अर्जित किया है और मुझे पता है कि आप इसका अधिकतम लाभ उठाएंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच नाथूलाल गमार ने की। कार्यक्रम का संचालन योग प्रशिक्षक राजेन्द्र प्रसाद गमार ने किया। डॉ. प्रियंका कांवत ने सेवानिवृत वरिष्ठ कम्पाउंडर फतेहलाल गरासिया को साफा व फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया तथा उन्हें अपनी तरफ से शॉल ओढाकर स्मृति चिन्ह भेंट किया।

# कोटड़ा क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं के लिए सरकार व विभाग कटिबद्ध

पदमावत मीडिया

**उदयपुर ।** जिले के दूरस्थ जनजाति बहुल कोटड़ा क्षेत्र में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए राज्य सरकार और चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग कटिबद्ध है। कोटड़ा ब्लॉक में चालू वर्ष में 4106 संस्थागत प्रसव हुए हैं।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ शंकर बामणिया ने बताया कि कोटड़ा ब्लॉक में संस्थागत प्रसव को लेकर तथ्यात्मक जानकारी विभागीय उच्चाधिकारियों को प्रेषित की गई है। इसके मुताबिक कोटडा खण्ड में कुल 2297 संस्थागत प्रसव राजकीय चिकित्सा संस्थानों मे तथा 1809 संस्थागत प्रसव गैर सरकारी अस्पतालों मे लाईनलिस्ट हुए है तथा 2494 घरेलु प्रसव रिपोर्ट हुए हैं।

खण्ड क्षेत्र के समस्त राजकीय चिकित्सा संस्थानों में कुल 2297 प्रसव सम्पादित करवाये गये है तथा खण्ड के नजदीकी क्षेत्र सिरोही जिले के पिण्डवाडा आदि के निजी चिकित्सालयों में सक्षम परिवारों द्वारा प्रसव करवाये गये जो कि लाईनलिस्ट अनुसार कुल 1809 निजी / गैर सरकारी चिकित्सालयों के प्रसव है। इस प्रकार कुल संस्थागत प्रसव 4106 है जो कि लक्ष्य का 62.21 प्रतिशत है। उन्होंने बताया कि खण्ड कोटडा जिले का ही नही बल्कि राज्य का सबसे दूर-स्थ, दुर्गम एवं अति पिछडा जनजाति जनसंख्या का खण्ड है। शिक्षा का काफी अभाव होने के साथ ही क्षेत्र की बसावट छितरी एवं पहाडियों पर बिखरी होने तथा सडक के अभाव एवं यातायात के साधनों की कमी से परिवहन की समस्या एवं विभाग में कार्मिकों के अभाव के कारण कुछ हद तक सेवाएं बाधित होती है। इस कारण खण्ड क्षेत्र में 2494 घरेलु प्रसव भी हुए हैं जो कि लक्ष्य का लगभग 37 प्रतिशत है। बामणिया ने बताया कि खण्ड क्षेत्र में वर्तमान में 75 उपस्वास्थ्य केन्द्र स्वीकृत है जिनमें से मात्र 39 उप स्वास्थ्य केन्द्रों पर भवन उपलब्ध है जो भी काफी पुराने होने से अधिकतर जर्जर अवस्था में हैं। 35 उप स्वास्थ्य केन्द्र भवन विहीन हैं। प्रसाविकाओं के स्वीकृत 150 पदों में से 69 पद वर्तमान मे रिक्त हैं साथ ही खण्ड क्षेत्र में चिकित्सा अधिकारियों के स्वीकृत 17 पदों के विरूद्ध वर्तमान मे मात्र 10 चिकित्सक ही कार्यरत है। इनमे से भी 03 चिकित्सक यू.टी.बी. पर कार्यरत हैं उक्त के अतिरिक्त खण्ड क्षेत्र मे संचालित 2 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों यथा कोटडा एवं बेकरिया में से एक पर भी कोई विशेषज्ञ चिकित्सक (विशेष कर स्त्री रोग विशेषज्ञ, बाल रोग विशेषज्ञ, निश्चेतन विशेषज्ञ) पदस्थापित नहीं है। इस कारण किसी भी प्रकार के जटिलता वाले प्रसवों को रेफर अथवा अन्य स्थानों पर ही सम्पादित करवाना मजबूरी हो जाता है। खण्ड क्षेत्र की स्थिति में सुधार के लिए खण्ड के समस्त चिकित्सा संस्थानों पर समुचित प्रशिक्षित स्टाफ की उपलब्ता होना सर्वप्रथम आवश्यक है, तत्पश्चात दूरस्थ एवं दुर्गम दृष्टि से बसे क्षेत्र को देखते हुए प्रत्येक प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर 10 अथवा 108 एम्ब्यूलेन्स की व्यवस्था करनी होगी तथा क्षेत्र के कुछ एक स्थानों का चयन किया जाना होगा जो पहुंच कि दृष्टि से कुछ सुगम हो एवं आसपास की समस्त गर्भवती महिलाओं को प्रसव हेतु वहां लाया जाना सम्भव हो एवं एवं उन उन स्थानों पर स्थानीय व्यवस्थाओं / सहयोग तथा स्वंयसेवी संस्थाओं / चिकित्सालयों के माध्यम से उन्हे प्रसव हेतु विकसित कर प्रसव सुविधा उपलब्ध कराने पर क्षेत्र मे संस्थागत प्रसवों को बढ़ाये जाने के प्रयास किये जा सकते है।

# उदयपुर के किसान बोले, खाद-बीज के लिए नहीं फैलाने पड़ेंगे हाथ

पदमावत मीडिया

**उदयपुर ।** भूमिपुत्रों को संबल देने के लिए मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार निरंतर प्रयासरत है। सरकार ने अपने अल्प कार्यकाल में किसानों से किए वादे पूरे किए हैं। इससे प्रदेश का किसान उत्साहित है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के बाद अब मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत 2000 रूपए वार्षिक की अतिरिक्त सहायता से किसानों को बड़ी राहत मिली है।

मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के शुभारंभ अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम में भाग लेने पहुंचे काश्तकारों ने कहा कि सरकार ने राशि बढ़ा कर हम किसानों का सम्मान बढ़ाया है। वल्लभनगर ब्लॉक के रोहीखेड़ा निवासी हरिराम पुत्र जोराजी कीर और करमाजी पुत्र डालूजी कीर का कहना है कि हम फसल बोने के लिए बीज-खाद की व्यवस्था के समय हाथ नहीं फैलाने पड़ेंगे। पहले कई किसान भाई साहूकार से उधार लेकर बीज-खाद की व्यवस्था करते थे, लेकिन प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि से साल में तीन बार 2000 रूपए मिल जाते हैं और अब राज्य सरकार भी 2000 अतिरिक्त दे रही है। इससे किसानों को बहुत बड़ी राहत मिलेगी।

इसी प्रकार मावली ब्लॉक के बडियार निवासी रामाजी पुत्र नाथूजी गुर्जर और भंवरगिरी पुत्र उदयगिरी गोस्वामी ने भी किसानों के दर्द को समझने और किसान को संबल देने के लिए मुख्यमंत्री महोदय का आभार व्यक्त किया।

# रक्तदान - महादान - टी बडीज ग्रुप द्वारा रक्तदान केम्प में 108 यूनिट



पदमावत मीडिया

**उदयपुर ।** महावीरम अपार्टमेंट उदयपुर में टी बडीज ग्रुप द्वारा आरएनटी ब्लड बैंक के तत्वाधान में तीसरा रक्तदान केम्प करवाया गया। कोठारी साहब ने बताया कि उदयपुर में रक्त की बहुत कमी रहती है तो ऐसे छोटे छोटे केम्प लगाकर रक्त की पूर्ति की जाती है। ग्रुप के मेंबर्स, महावीरम परिवार के सदस्यो एवं अन्य मित्रगणों द्वारा रक्तदान किया गया। कुल 108 यूनिट रक्तदान किया गया। ग्रुप के मेंबर्स बृजमोहन अग्रवाल, नवीन अग्रवाल, योगेश कोठारी, शैलेंद्र कोठारी, चेतन कोठारी, आशीष रांका, भूपेश रांका, रविंद्र पोरवाल, राहुल जैन, मनीष जैन ने आर एन टी टीम का सम्मान किया गया। रक्तवीर रोहित चौधरी ने आज 27वां रक्तदान किया। सभी रक्तदाताओं को हरियाली फैलाने का संदेश देते हुए उपहार स्वरुप पौधे व सर्टिफिकेट वितरित किए गए।

# व्यय प्रेक्षक ने ली बैठक

पदमावत मीडिया

**उदयपुर ।** लोकसभा आम चुनाव 2024 अन्तर्गत संसदीय क्षेत्र उदयपुर-19 के व्यय प्रेक्षक रवि रजंन कुमार ने रविवार को कलक्टेऱ्ट सभागार में बैठक ली।

निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण प्रकोष्ठ के सहायक प्रभारी महेन्द्र सिंह सीमार एवं संजय सोनी ने प्रकोष्ठ संबंधी जानकारी दी। निर्वाचन व्यय अनुदेशों का सार संग्रह के बिन्दुओं के संबंध में विजय कुमार ने दैनिक लेखा रजिस्टर संधारण में विभिन्न भागों एवं निर्वाचन व्यय का सार विवरण, विभिन्न व्यय मदों का लेखांकन, विभिन्न अनुलग्नकों के बारे में जानकारी दी। निर्वाचन व्यय लेखा संधारण के लिए विभिन्न व्यय मदों किये जाने की प्रक्रिया से अवगत कराते हुए विभिन्न मदों में राशि का लेखांकन करने संबंधी प्रावधानों से अवगत कराया गया।

व्यय प्रेक्षक रविरंजनकुमार ने अवगत कराया गया कि अभ्यर्थी द्वारा ऐसे विवरण दाखिल करना जो सही और सत्य ना हों, के परिणामस्वरूप चूक के लिए आयोग द्वारा नोटिस जारी किया जा सकता है जिसके कारण लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 10 क के अधीन अभ्यर्थी को संसद या राज्य विधानमंडल के किसी सदन का सदस्य होने या सदस्य चुने जाने के लिए 3 साल की अवधि के लिए निरर्हित किया जा सकता है। साथ ही निर्वाचन व्यय लेखों को जमा कराने की अन्तिम दिनांक 3 जुलाई 2024 से भी अभ्यार्थियों / अधिकृत अभिकर्ता एवं लेखा दलों को अवगत कराया।

# उदयपुर के 2.19 लाख काश्तकारों के खातों में आए 21.88 करोड़ रूपए

पदमावत मीडिया

**उदयपुर ।** किसानों को संबल देने के लिए मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा की पहल पर शुरू की गई मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का शुभारंभ रविवार को टोंक में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम के साथ हुआ। इसमें मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने डीबीटी के माध्यम से पात्र किसानों के खातों में योजना की प्रथम किश्त के रूप में 1000-1000 रूपए हस्तांतरित किए। प्रदेश भर के 65 लाख से अधिक किसानों के खातों में 650 करोड़ रूपए की राशि हस्तांतरित की गई। इसमें उदयपुर जिले के 2 लाख 19 हजार से अधिक काश्तकारों के खातों में 21.88 करोड़ रूपए की राशि ट्रांसफर हुई।

मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का जिला स्तरीय कार्यक्रम रविवार को जिला कलक्टर अरविन्द पोसवाल के निर्देशन में सुखाड़िया रंगमंच सभागार में हुआ। कार्यक्रम में सांसद डॉ मन्नालाल रावत, विधायक शहर ताराचंद जैन, विधायक उदयपुर ग्रामीण फूलसिंह मीणा, समाजसेवी रविन्द्र श्रीमाली, चंद्रगुप्तसिंह चौहान, प्रमोद सामर,उप महापौर पारस सिंघवी, डेयरी अध्यक्ष डालचंद डांगी सहित अन्य जनप्रतिनिधि बतौर अतिथि मौजूद रहे। कार्यकारी अधिकारी सीसीबी डॉ प्रमोदकुमार सहित अन्य ने अतिथियों का स्वागत किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद डॉ रावत ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी लगातार काश्तकारों को आर्थिक रूप में सशक्त बनाने के लिए प्रयासरत हैं। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत प्रतिवर्ष कृषकों को 6000 रूपए देय हैं। राजस्थान के मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने सरकार गठन के साथ ही सम्मान निधि में 2000 रूपए बढ़ोतरी की घोषणा की थी। मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि उसी की परिणिति है। इसके तहत तीन किश्तों में कुल 2000 रूपए दिए जाएंगे, जो प्रधानमंत्री सम्मान निधि से अतिरिक्त होंगे। इससे किसानों को बीज आदि क्रय करने में मदद मिलेगी। मोटे अनाज को बढ़ावा देने के लिए भी कई योजनाएं चलाई जा रही हैं, इससे भी किसानों की स्थिति में लगातार सुधार हो रहा है। उन्होंने काश्तकारों से सरकार की योजनाओं का लाभ लेकर प्रगति करने का आह्वान किया। समारोह को विधायकगण सहित अन्य अतिथियों ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन चेतन औदिच्य और रणवीरसिंह ने किया। कार्यक्रम में टोंक में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया। मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने चयनित जिलों के चिन्हित काश्तकारों से वर्चुअल संवाद भी किया।

कार्यक्रम में जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी कीर्ति राठौड़, गिर्वा एसडीएम रिया डाबी, सहकारिता विभाग के अतिरिक्त रजिस्ट्रार प्रेमप्रकाश माण्डोत, उप रजिस्ट्रार हरीश सीवासिया, मेहजबीन बानू, महाप्रबंधक सहकारी भण्डार राजकुमार सहित अन्य अधिकारी तथा बड़ी संख्या में काश्तकार उपस्थित रहे। जिले में ब्लॉक व पंचायत स्तर पर भी कार्यक्रम हुए, जिनमें राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया।

# लद्दाख में एलएसी के पास अचानक नदी का जलस्तर बढने से पांच जवान शहीद



**नई दिल्ली ।** लद्दाख के दौलत बेग ओल्डी में देर रात एक दुखद दुघर्टना घटी। रात 3 बजे टैंक अभ्यास के दौरान नदी पार करते समय अचानक नदी का जलस्तर बढ़ गया जिसमें सेना के जवान फंस गए। इस हादसे में सेना के पांच जवान शहीद हो गए हैं और एक जवान को बचा लिया गया।

दरअसल शुक्रवार-शनिवार की रात में दौलत बेग ओल्डी में टैंक अभ्यास चल रहा था और सेना के कई टैंक यहां मौजूद थे। इस दौरान एलएसी के पास एक टी-72 टैंक ने रात में नदी कैसे पार की जाती है इसका अभ्यास चल रहा था। रक्षा अधिकारी ने बताया कि दौलत बेग ओल्डी इलाके में नदी पार करने के अभ्यास के दौरान हुए हादसे में एक जेसीओ और चार जवान समेत भारतीय सेना के पांच जवान शहीद हो गए। सभी पांचों के शव बरामद कर लिए गए हैं। टैंक की बरामदगी की भी कोशिश की जा रही है। सेना इस बात की जांच कर रही है कि अचानक से जलस्तर कैसे बढ़ गया। जिस जगह यह हादसा हुआ वहां पर भारत और चीन के बीच लंबे समय से तनाव बना हुआ है।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने हादसे पर दुख जताया है। राजनाथ सिंह ने पोस्ट में लिखा, लद्दाख में नदी पार कराते समय हुए हादसे में भारतीय सेना के पांच जवानों की जान जाने से मैं बहुत दुखी हूं। हम देश के लिए अपने वीर जवानों की अनुकरणीय सेवा को कभी नहीं भूलेंगे। शोक संतप्त परिवारों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदनाएं हैं। दुख की इस घड़ी में पूरा देश उनके साथ खड़ा है। अभ्यास के दौरान जब एक टैंक नदी को पार करने की कोशिश करने लगा तो अचानक से नदीं का जलस्तर तेज हो गया और टैंक बह गया। बताया जा रहा है कि इस दौरान टैंक में कुल 4-5 जवान सवार थे।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने एक्स पर लिखा, लद्दाख में एक नदी पार करते समय एक जेसीओ सहित पांच भारतीय सेना के जवान की जान जाने से हम बहुत दुखी हैं। इस घटना के शिकार हुए सेना जवानों के परिवारों के प्रति हमारी संवेदनाएं हैं। दुख की इस घड़ी में, पूरा देश हमारे वीर सैनिकों की अनुकरणीय सेवा के लिए उन्हें सलाम करता है।

# राजस्थान राज्य ओलम्पिक संघ के नवनिर्वाचित अध्यक्ष अनिल व्यास ने आईएओए की अध्यक्ष श्रीमती पी.टी. उषा से शिष्टाचार भेंट की

पदमावत मीडिया

**उदयपुर ।** राजस्थान राज्य ओलम्पिक संघ के नवनिर्वाचित अध्यक्ष अनिल व्यास ने शनिवार जयपुर में को भारतीय ओलम्पिक संघ की अध्यक्ष पी.टी. उषा से शिष्टाचार भेंट की ।

राजस्थान राज्य ओलम्पिक संघ के महासचिव रामावतार सिंह जाखड़ ने बताया कि इस अवसर पर व्यास ने आईएओए की अध्यक्ष उषा को राजस्थान की नवीन कार्यकारिणी एवं चुनाव की सम्पूर्ण रिपोर्ट प्रस्तुत की तथा राज्य की खेल गतिविधियों के बारे में अवगत करवाया । जाखड़ ने बताया कि आर एस ओ ए के अध्यक्ष व्यास ने आईएओए अध्यक्ष को राजस्थान आने का निमंत्रण दिया । जिसको उन्होंने सहर्ष स्वीकार किया तथा राज-स्थान राज्य ओलम्पिक संघ के आगामी कार्य म या स्टेट गेम्स में जयपुर आने की सहमति प्रदान की ।

आईएओए की अध्यक्ष ने आशा व्यक्त की कि नवनिर्वाचित कार्यकारिणी राजस्थान में खेलों को आगे बढ़ाने के लिये श्रेष्ठ कार्य करेगी। उक्त जानकारी राज-स्थान राज्य ओलम्पिक संघ के महासचिव रामावतार सिंह जाखड़ ने दी।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं प्रधान सम्पादक - पवन जैन पदमावत, प्रधान कार्यलय - गणेश नगर, कांदिवली वेस्ट, मुंबई, महाराष्ट्र से अमुद्रित ऑनलाइन प्रकाशित | मो. 9594542679, e-mail: padmavatmedia@gmail.com web. padmavatmedia.in. नोट» (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी) | सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुम्बई (महाराष्ट्र) होगा | उक्त ई-पेपर को अवैध रुप से छपवाना कानूनन अपराध है।